आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 14.01.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी में तीन दिवसीय शीतकालीन पर्यटन सम्मेलन का शुभारंभ किया। कहा– सरकार हर स्तर पर पर्यटन से जुड़े हितधारकों का सहयोग करेगी।
- मुख्यमंत्री धामी ने खटीमा में 33 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने आधुनिक तकनीक आधारित पुलिसिंग और आगामी कुंभ मेले की तैयारियों के संबंध में चर्चा की।
- मकर संक्रांति पर हरिद्वार के गंगा घाटों में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब। कुमाऊं में लोकपर्व घुघुतिया हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

विंटर टूरिज्म कॉनक्लेव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज उत्तरकाशी के नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में तीन दिवसीय शीतकालीन पर्यटन सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन केवल औपचारिक संवाद नहीं, बल्कि उत्तराखंड के पर्यटन को नई दिशा देने का एक साझा प्रयास है। उन्होंने कहा कि सरकार की शीतकालीन पर्यटन नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जब वर्षभर पर्यटन सक्रिय रहेगा, तो प्रदेश की आर्थिक स्थिति में भी व्यापक सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने पर्यटन से जुड़े सभी हितधारकों से कहा कि सरकार हर स्तर पर उनका सहयोग करेगी।

यह सम्मेलन, शीतकालीन चारधाम यात्रा और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा स्थानीय लोगों को वर्षभर रोजगार से जोड़ने की दिशा में आयोजित किया जा रहा है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के साथ ही प्रदेश और स्थानीय स्तर से टूर ऑपरेटर्स भाग ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधमसिंह नगर जिले के खटीमा में 33 करोड़ रुपए से अधिक लागत की नौ विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें जिला विकास प्राधिकरण द्वारा नवनिर्मित हाईटैक महाराणा प्रताप बस स्टेशन भी शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बना हाईटैक बस स्टैंड, क्षेत्र की परिवहन व्यवस्था को और अधिक सुगम और सुव्यवस्थित बनाएगा। साथ ही स्थानीय व्यापार, पर्यटन और रोज़गार के नए अवसर सृजित कर क्षेत्र के विकास को भी गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य विकास और समृद्धि के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नानकमत्ता में बालाजी मंदिर के सौंदर्यीकरण सहित कई अन्य घोषणाएं कीं।

पूर्व सैनिक दिवस

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर आज शौर्य स्थल, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में वीर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर राज्यपाल ने वीर नारियों और पूर्व सैनिकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया और उनकी देश सेवा और समर्पण के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों ने पूरे जीवन भर राष्ट्र सर्वोपरि के जिस मंत्र को जिया है, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक, प्रदेश में जारी विभिन्न आर्थिक क्रांतियों, जैसे हनी क्रांति, अरोमा क्रांति, मिलेट क्रांति, होमस्टे और स्वयं सहायता समूहों के सुदृढ़ीकरण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने आधुनिक तकनीक आधारित पुलिसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और आगामी कुंभ मेले की तैयारियों के संबंध में चर्चा की। आज लोकभवन में पुलिस महानिदेशक ने राज्यपाल से मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को प्रदेश में अपराध नियंत्रण और कानून–व्यवस्था के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। इसके अतिरिक्त श्री सेठ ने पुलिस प्रशिक्षण के सुदृढ़ीकरण, एसडीआरएफ की क्षमता वृद्धि, आपदा प्रबंधन, त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था और जन–सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण पहलों की भी जानकारी दी। राज्यपाल ने प्रदेश में पुलिस व्यवस्था को तकनीक–सक्षम, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाए जाने तथा आगामी कुंभ व अन्य बड़े आयोजनों के दृष्टिगत सुदृढ़ पुलिस प्रबन्ध बनाए रखने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

मकर संक्रांति

प्रदेश में मकर संक्रांति का पर्व आज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पवित्र नदियों और संगमों में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। हरिद्वार के हर की पैड़ी सहित विभिन्न गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। तीर्थ पुरोहित शंभू पांडे ने कहा कि आज के दिन गंगा स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और पितरों का आशीर्वाद मिलता है।
वहीं, स्नान को लेकर श्रद्धालुओं खासे उत्साहित दिखे। दिल्ली से आई श्रद्धालु बबीता ने कहा कि आज स्नान करने से पुण्य मिलता है।
उधर, टिहरी जिले के देवप्रयाग संगम पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा–अर्चना कर संगम में आस्था की डुबकी लगाई और भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। वहीं, उत्तरकाशी के पौराणिक मणिकर्णिका घाट सहित अन्य गंगा घाटों में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। मकर संक्रांति को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

घुघुतिया पर्व

कुमाऊं मंडल में आज लोकपर्व घुघुतिया हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न पकवानों से बनी मालाओं को पहना। बच्चों ने गुड़, घी और आटे से बने घुघुते कौवों को खिलाए और लोकगीत गाते हुए घर–घर खुशियों का संदेश दिया। चम्पावत के आचार्य श्याम दत्त मुरारी ने बताया कि घुघुतिया पर्व प्रतिवर्ष सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही मकर संक्रांति को मनाया जाता है। उन्होंने पर्व की मान्यता के बारे में जानकारी दी।

आदिबदरी कपाट

चमोली जिले में स्थित आदिबदरी मंदिर के कपाट आज मकर संक्रांति पर्व पर विधि–विधान से पूजा–अर्चना के बाद ब्रह्म मुहूर्त में सुबह चार बजे श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए खोल दिए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर के मुख्य पुजारी चक्रधर थपलियाल ने कपाट खुलने के मौके पर अभिषेक पूजा संपन्न करवाई। इसके बाद भगवान नारायण को भोग और पंच ज्वाला आरती के बाद मंदिर में दर्शनों की प्रक्रिया शुरु कर दी गई। उन्होंने बताया कि परंपराओं के अनुसार मंदिर के कपाट वर्षभर में पौष माह के लिए बंद किए जाते हैं।
वहीं, कपाट खुलने के साथ ही आदिबदरी में सात दिवसीय श्री आदिबदरी नाथ महाभिषेक समारोह तथा शीतकालीन पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास मेले का भी शुभारंभ हो गया है।